Bharat Temples

रट ले हरि का नाम,
सब छोड़ दे उल्टे काम,
बैरी रट ले हरि का नाम।।

जिस दौलत पर तुझे है भरोसा,
जाने किस दिन दे जाये धोका,
ये तो लूट जाये सरेआम रे,
बैरी रट ले हरि का नाम।।

देख क्यू हँसता सुंदर काया,
चिता बिच जब जाएगा जलाया,
तेरा माँस रहेगा ना चाम,
बैरी रट ले हरि का नाम।।

पाप करे और गँगा नहाये,
किससे तु अपने पाप छिपाये,
तेरा होगा बुरा अंजाम,
बैरी रट ले हरि का नाम।।

रट ले हरि का नाम,
सब छोड़ दे उल्टे काम,
बैरी रट ले हरि का नाम।।

Source: https://www.bharattemples.com/rat-le-hari-ka-naam/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw